समाचार

40 वर्ष की समस्या होगी दूर, नाले में बनेगी पुलिया, आवागमन होगा सुगम

(महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने वार्ड क. 33 व 32 का किया दौरा, समस्याओं से हुए रूबरू, निराकरण के दिए निर्देश)

कोरबा 29 अगस्त 2020 –नगर निगम कोरबा के वार्ड क. 33 डिंगापुर बस्ती के दूसरे छोर पर बसे मोहल्ले के निवासियों की 40 वर्ष की समस्या अब दूर होगी। बस्ती एवं मोहल्ले के बीच पड़ने वाले नाले पर पुलिया बनेगी तथा वहां के लोगों का आवागमन सुगम होगा। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आज मौके पर पहुंचकर समस्या का जायजा लिया तथा तत्काल इस पर कार्यवाही करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आज निगम के वार्ड क. 33 डिंगापुर एवं वार्ड क. 32 रिसदी सहित इनसे जुड़े क्षेत्रों का दौरा किया। वार्ड क. 33 डिंगापुर बस्ती के आखिरी छोर में मोहल्ला बसा हुआ है, बस्ती तथा उक्त मोहल्ले के बीच में नाला बहता है, मोहल्ले के लोग अभी तक इस नाले को पैदल पार करते हैं, उनकी यह समस्या विगत 40 वर्षो से बनी हुई है। आज महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ उक्त स्थल पर पहुंचकर समस्या का जायजा लिया। उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस समस्या को दूर करने के लिए नाले पर पुलिया निर्माण का प्राक्कलन तत्काल तैयार कराएं तथा सभी संबंधित कार्यवाही त्वरित रूप से प्रारंभ कराएं ताकि जल्द से जल्द उक्त नाले में पुलिया का निर्माण कर मोहल्ले वासियों के लिए आवागमन को सुगम बनाया जा सके तथा बरसों से चली आ रही उनकी एक बड़ी समस्या को दूर किया जा सके। महापौर श्री प्रसाद ने डिंगापुर बस्ती के अन्य विभिन्न मोहल्लों का भी पैदल

भ्रमण किया, वहां के निवासियों से भेंट की, समस्याओं को जाना तथा उनके निराकरण के संबंध में त्वरित आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

जलभराव समस्या का मौके पर निराकरण— महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद भ्रमण के दौरान वार्ड क्र. 32 रिसदी चौक बालको बाईपास रोड पहुंचे तथा वहां पर होने वाले जलभराव का मुआयना किया, उन्होने अधिकारियों को निर्देश देकर तत्काल जेसीबी बुलवाई तथा खुद खड़े होकर पानी की निकासी कराते हुए जलभराव की उक्त समस्या को दूर कराया। इसके साथ ही उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यहां पर होने वाली जलभराव की समस्या का स्थाई हल निकालने के संबंध में त्वरित आवश्यक कार्यवाही करें। महापौर श्री प्रसाद ने वार्ड क्र. 32 अंतर्गत रामपुर बस्ती एवं अन्य मोहल्लों का पैदल भ्रमण किया, बस्तीवासियों से भेंट की, उनकी समस्याओं को जाना तथा वहां की छोटी—बड़ी समस्याओं के निराकरण के संबंध में आवश्यक कदम उठाने अधिकारियों को निर्देश दिए। इस मौके पर बस्तीवासियों ने बताया कि बस्ती में लगे हुए विद्युत खंभे काफी पुराने तथा जर्जर स्थिति में हैं, जिन्हें बदला जाना आवश्यक है, इस पर महापौर श्री प्रसाद ने समुचित रूप से आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

भ्रमण के दौरान मेयर इन कांउसिल सदस्य संतोष राठौर, पालूराम साहू, पार्षद अजय कुमार गोड़, सहायक अभियंता अनिरूद्ध शुक्ला, हरिशंकर साहू, कांग्रेस जिला सहकारिता प्रकोष्ठ अध्यक्ष बंटी शर्मा आदि के साथ बस्तीवासी उपस्थित थे।